# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1066 / 93 / प्रशा0 / MSU / 2025–26 दिनांकः 12/09/25

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / सचिव
सम्बद्ध, राजकीय अनुदानित,
स्ववित्त पोषित महाविद्यालय

विषय :– दिनांक 20.09.2025 को विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षान्त समारोह के सफल आयोजन के सम्बन्ध में ऑनलाइन बैठक आहूत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि राज्यपाल सचिवालय के संलग्न पत्र संख्या– 6290 / 37–जी0एस0 / 2023–1, दिनांक 01.09.2025 द्वारा विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षान्त समारोह दिनांक 28.09.2025 के स्थान पर दिनांक 20.09.2025 (शनिवार) को आयोजित किये जाने की अनुमति मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा प्रदान की गई है।

सूच्य है कि राज्यपाल सचिवालय के संलग्न पत्र संख्या–ई–5360 / 32–जी0एस0 / 2023–XIX, दिनांक 26 जुलाई, 2025 द्वारा विश्वविद्यालय / संस्थान में शैक्षिक सत्र 2024–25, का दीक्षान्त समारोह आयोजित कराये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुये है।

कुलपति महोदया के आदेशानुसार माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के तृतीय दीक्षान्त समारोह दिनांक 20.09.2025 के सफल आयोजन हेतु राजकीय अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों के प्राचार्य / सचिव की ऑनलाइन बैठक दिनांक 13.09.2025 को आहूत की गई है। अतः उक्त बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

सहारनपुर जनपद के महाविद्यालय की ऑनलाइन बैठक अपरान्ह् 12:00 से 01:00 बजे तक जिसका विवरण निम्नवत् है :–

https://us06web.zoom.us/j/86051166648?pwd=siVDMn9T0mS2uzaiDgYBvkyMaXXmdg.1

Meeting ID: 860 5116 6648
Passcode: 138073

मुजफ्फरनगर एवं शामली जनपद के महाविद्यालय की ऑनलाइन बैठक अपरान्ह् 01:00 से 02:00 बजे तक जिसका विवरण निम्नवत् है :–

https://us06web.zoom.us/j/85643464793?pwd=6BotQ9JOHJKyUOfK0gfC2vNZsofg1U.1

Meeting ID: 856 4346 4793
Passcode: 487920

भवदीय
12-9-25
(कमल कृष्ण)
कुलसचिव

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
02. परीक्षा नियंत्रक।
03. वित्त अधिकारी।
04. उपकुलसचिव।
05. गार्ड फाइल।

सहायक कुलसचिव

